# कोटा महोत्सव : सांस्कृतिक रंगों से सजा कोटा, विजेताओं ने रचा नया इतिहास

**कोटा, (निसं)।** कोटा महोत्सव इस बार अपनी सांस्कृतिक धरोहर और विविधता को प्रदर्शित करने का भव्य मंच बना। महोत्सव में साफा प्रतियोगिता और मूंछ प्रतियोगिता जैसी आकर्षक गतिविधियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस आयोजन का उद्देश्य कोटा को पर्यटन और सांस्कृतिक पहचान के क्षेत्र में नई ऊंचाई पर ले जाना है।

मुख्य अतिथि कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि कोटा पर्यटन के क्षेत्र में नया इतिहास लिखने जा रहा है। यहां के मथुराधीश मंदिर, मुकुंदरा हिल्स, जीवनदायिनी चंबल नदी और जैविक विविधता विश्व पटल पर अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं के हाथों में इतिहास को नया आयाम देने की क्षमता है। सोशल मीडिया के माध्यम से कोटा महोत्सव और यहां की खूबसूरती देश-दुनिया के हर कोने तक पहुंच रही है।

पर्यटन विभाग के उपनिदेशक विकास पंड्या ने बताया कि महोत्सव में आयोजित साफा प्रतियोगिता के महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार श्वेता ने जीता, जबकि करीना ने द्वितीय और संतोष सुमन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में भवानी सिंह को प्रथम, दीपक मेहरा को द्वितीय और जितेंद्र सिंह को तृतीय स्थान मिला। मूंछ प्रतियोगिता में धन्ना लाल गुर्जर ने प्रथम, आर्यन राज ने द्वितीय और श्याम जोशी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर महोत्सव में चार चांद लगाए। इस कार्यक्रम में कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा के साथ जनप्रतिनिधि राकेश जैन, कलक्टर डॉ.रविन्द्र गोस्वामी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर कृष्ण शुक्ला अतिरिक्त संभाग्य आयुक्त मनीषा तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक, शिक्षा विभाग की संयुक्त निदेशक स्नेहलता शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी के. के. शर्मा और शिक्षा विभाग से सतीश गुप्ता, व्यापार महासंघ के महासचिव अशोक महेश्वरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। हजारों की संख्या में कोटा वासी, कोचिंग छात्र और अन्य दर्शकों ने महोत्सव का आनंद लिया और इसे सफल बनाने में अपनी भूमिका निभाई।


**कोटा महोत्सव के तहत मूंछ प्रतियोगिता आयोजित हुई।**

# पंच गौरव में शामिल कोटा डोरिया के परिधानों का फैशन शो

**कोटा, (निसं)।** जिला प्रशासन कोटा द्वारा आयोजित कोटा महोत्सव में बुधवार शाम चंबल रिवर फ्रंट के शौर्य घाट पर कुटुर इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी की ओर से पंच गौरव में शामिल एक जिला एक उत्पाद के तहत कोटा डोरिया फैशन शो का आयोजन किया गया। यह शो कोटा डोरिया को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर और विशिष्ट अतिथि नेता प्रतिपक्ष एवं नगर निगम कोटा दक्षिण मेला समिति के अध्यक्ष विवेक राजवंशी रहे। जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक हरिमोहन शर्मा ने बताया कि कोटा डोरिया फैशन शो में कुटुर इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों द्वारा तैयार परिधानों को प्रस्तुत किया गया। इनमें कोटा डोरिया जड़ी साड़ी, कोटा डोरिया से निर्मित लहंगे, स्कर्ट्स, डोरिया विद लहरिया, डोरिया वेस्टर्न ड्रेसेस और किड्स फ्रॉक शामिल थे।

इन अद्वितीय परिधानों को संस्थान के मॉडलों ने रैंप पर प्रस्तुत कर दर्शकों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में किड्स शो और कोटा क्वीन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें बच्चों से लेकर हर उम्र की महिलाओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। किड्स शो में बच्चों की मासूमियत और रचनात्मकता ने सबका ध्यान आकर्षित किया, जबकि कोटा क्वीन प्रतियोगिता में महिलाओं ने रैंप वॉक के जरिए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। स्थानीय प्रतिभा को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से इस फैशन शो और प्रतियोगिताओं में प्रवेश नि:शुल्क रखा गया था। कोटा के सभी वर्गों ने इस आयोजन में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर आकर्षण डांस एकेडमी, इंद्रविहार द्वारा डांस की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं, जबकि राजस्थानी गीत गायिका टीना शर्मा ने अपनी आवाज से समां बांध दिया। कार्यक्रम के दौरान दर्शकों ने डांस और संगीत का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम को शुभम ग्रुप द्वारा आयोजित करवाया गया। शुभम ग्रुप के डायरेक्टर दीपक राजवंशी और अन्य अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। कुटुर इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी की निदेशक पूजा राजवंशी ने बताया कि यह आयोजन महिलाओं के प्रोत्साहन और उनके हुनर को एक नई पहचान दिलाने के उद्देश्य से किया गया। उन्होंने कहा कि कोटा डोरिया को उच्च स्तर पर पहचान दिलाने के लिए इस तरह के आयोजन बेहद महत्वपूर्ण हैं। कार्यक्रम का मंच संचालन अरविंद शर्मा द्वारा किया गया। कोटा महोत्सव का यह कार्यक्रम न केवल कोटा डोरिया को नई पहचान दिलाने में सफल रहा, बल्कि स्थानीय प्रतिभाओं को एक बड़ा मंच प्रदान करने का उदाहरण भी बना।


**कोटा महोत्सव में कुटुर इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी की ओर से कोटा डोरिया फैशन शो का आयोजन किया गया।**

## सार-समाचार

### युवक के साथ मारपीट की

**छबड़ा (निसं)।** बापचा थाना क्षेत्र में तीन माह पूर्व पति को छोड़ प्रेमी संग रह रही विवाहिता के गांव में रहने का विरोध करने पर प्रेमी व उसके जीजा ने विवाहिता के पति के साथ मारपीट कर डाली। इस पर पुलिस ने प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के विरोध में मछुआ महासंघ ने आरोपियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई किए जाने की चेतावनी पुलिस प्रशासन को दी हैं। बापचा थानाधिकारी बुद्धराम जाट ने बताया कि तीन माह पूर्व खुरई निवासी करणसिंह केवट की पत्नी को इसी गांव में रहने वाला मनोज यादव भगाकर ले गया था। जिस पर पुलिस ने सात सितंबर को रिपोर्ट दर्ज की और 13 सितंबर को विवाहिता को दस्तयाब कर लिया। इसके बाद भी विवाहिता अपने बच्चे के छोडकर प्रेमी मनोज संग चली गई। इस बीच प्रेमी मनोज यादव विवाहिता के साथ गेहूंखेडी गांव में अपने जीजा कल्लू यादव के पास रहने लगा। 22 दिसम्बर को करणसिंह ने गेहूंखेडी पहुंचकर कल्लू यादव से मनोज व उसकी पत्नी को गांव में रखने का विरोध जताया तो कल्लू व मनोज ने करणसिंह के साथ मारपीट कर डाली। पुलिस ने करणसिंह के परिवाद पर मनोज यादव को गिरफ्तार कर लिया। जीजा कल्लू यादव फरार हो गया। वही, मछुआ महासघ के प्रदेषाध्यक्ष रामकल्याण कष्यप ने एसडीएम को दिए ज्ञापन में बताया कि मनोज यादव व कल्लू यादव ने बापचा थाने के पास सड़क पर रोककर करणसिंह के साथ मारपीट की और नाबालिग बहन को उठा ले जाने की धमकी दी। कश्यप ने प्रशासन से कार्रवाई की मांग की।

### स्वच्छता सप्ताह का आयोजन

**रावतभाटा, (निसं)।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत स्वच्छता सप्ताह 25 दिसंबर से 31 दिसंबर तक आयोजित किया जाएंगा। पंचायत समिति भैंसरोडगढ़ पर भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी कार्यक्रम के साथ ही स्वच्छता सप्ताह का आगाज पंचायत समिति भैसरोड़गढ़ में आरती बारेशा की अध्यक्षता मे किया गया। प्रधान पंचायत समिति भैंसरोडगढ़ आरती बारेशा एवं विकास अधिकारी पंचायत समिति भैंसरोडगढ़ ग्यारसी लाल मीणा द्वारा स्वच्छता सप्ताह के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। प्रधान पंचायत समिति भैसरोड़गढ़ आरती बारेशा के द्वारा ग्राम वासियों को प्लास्टिक का उपयोग कम करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी धर्म सिंह पंवार के द्वारा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत स्वच्छता सप्ताह 25 दिसंबर से 31 दिसंबर तक प्रत्येक दिन की जाने वाली अलग-अलग गतिविधियों के बारे में और सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध की जानकारी उपस्थित जन समुदाय को दी गई। सुरेश कुमार धाकड ब्लॉक कोऑर्डिनेटर स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण पंचायत समिति भैसरोडगढ़ द्वारा स्वच्छता स्वभाव से अपनाने के बारे मे बताया गया।

### विद्यार्थियों ने शैक्षिक भ्रमण किया

**छीपाबड़ौद (निसं)।** क्षेत्र के मोखमपुरा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने विद्यालय के व्यावसायिक शिक्षक जय शिव गुर्जर के नेतृत्व में एकदिवसीय व्यावसायिक एवं ऐतिहासिक भ्रमन किया। विद्यालय के प्रभारी सौरभ कुमार मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय के 60 विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक स्थल गणेश मंदिर ककोणी एवं होटल मैनेजमेंट हेतु नारायण होटल इकलेरा का भ्रमण किया। जिसमे ककोणी में मौजूद ऐतिहासिक धरोहर, प्राचीन पौराणिक कथा, शिल्पकला के बारे में बारीकी से रूबरू करवाया। विद्यार्थियों को टूरिज्म के माध्यम से होटल मैनेजमेंट, सर्विंग सर्विस एवं होटल में की जाने व्यावसायिक गतिविधियों का अध्ययन करवाया। भ्रमन दल में विद्यालय के अध्यापक नारायण गुर्जर, चेतना मालव, भुवनेश मीना, रविशंकर सहरिया, इन्द्रराज गुर्जर, ओमप्रकाश भील, भागचंद मीना, मानसिंह गुर्जर, हेमन्त मीना, मुरली गुर्जर, भीमराज भारती, सुजान गुर्जर एवं मोहित मेघवाल साथ रहे।

### खाटू श्याम बाबा की निशान यात्रा निकाली

**छबड़ा (निसं)।** श्री श्याम सेवा मंडल के तत्वावधान में बुधवार को यहां खाटू श्याम बाबा की भव्य निशान यात्रा निकाली गई और महाकाल की पालकी का नगर भ्रमण करवाया गया। यहां पालकी के आगे-आगे श्रद्धालु अपने हाथों से झाड़ू निकालकर सफाई करते हुए जयघोष के साथ आगे बढ़ रहे थे। शहर की सड़कें बाबा श्याम व भगवान भोले की भक्ति के सरोबर में डूबी दिखाई दी। शोभायात्रा मार्ग में पालकी यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। यहां शिव बारात में कलाकारो ने अपनी कला के माध्यम से अलग ही छटा बिखेरी। यात्रा में शिव-बारात में शिव-पार्वती के नृत्य ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। वही, कलाकारो के हेरतअंगेज करतबो ने दर्षको का मनमोह लिया। जिससे वातावरण षिवमय हो गया। यहां ढोल, ताशे, नगाड़े, डमरू बाजे आदि मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे।

### नि:शुल्क लाइब्रेरी शुरू

**रावतभाटा, (निसं)।** डॉ. भीमराव अंबेडकर नि:शुल्क लाइब्रेरी फेस-2 में पार्षद संजय रेठुदिया द्वारा बच्चों की पढाई के लिए बुक की व्यवस्था की गई। राधेश्याम मेघवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि पार्षद संजय रेठुदिया द्वारा नि:शुल्क लाइब्रेरी में किसी को भी बुक की आवश्यकता हैं, तो लाइब्रेरी में सारी बुक की व्यवस्था उनके द्वारा की जाएगी। लाइब्रेरी नि:शुल्क संचालित हैं, यहां पर आकर कोई भी बच्चा पढाई कर सकता हैं, उसे किसी प्रकार का कोई भी शुल्क नहीं लिया जाएगा। इस मौके पर राधेश्याम मेघवाल ने पार्षद का आभार जताया।

### तुलसी पूजन कार्यक्रम आयोजित

**अंता (निसं)।** पूज्य आशाराम बापू की पावन प्रेरणा से तुलसी पूजन कार्यक्रम गुलाबबाड़ी स्थित साधक के आवास पर सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में निरंजन बत्रा राजेंद्र गौतम सत्यनारायण प्रजापत बालमुकन्द राठौर धनराज गौड घनश्याम देवलिया अशोक प्रजापत पवन मेराठा रेखा छंदक पवन प्रजापत सविता प्रजापत आदि साधक भाई बहिनों ने कार्यक्रम मे तुलसी पूजन किया भजनआरती व प्रसाद प्राप्त कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

